बिहार खबर

शनिवार 26 फरवरी 2022

CUSB News

# सीयूएसबी में मनाया गया समाधान दिवस

**बिहार खबर संवाददाता**
गया

इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत सीयूएसबी में विद्यार्थियों के लिए शिकायत निवारण शिविर का आयोजन छात्रों के हितों के लिए हमेशा तत्पर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत छात्रों के शिकायतों के निवारण के लिए शुक्रवार (25 फरवरी 2022) को विशेष रूप से "समाधान दिवस" दिवस मनाया गया` इसके अंतर्गत विवि के विद्यार्थियों से मिले ऑनलाइन तथा ऑफलाइन शि-ाकायतों का प्रशासनिक भवन के सभागार में शिविर लगाकर निवारण किया गया` शिविर को



माननीय कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की पहल पर शिकायत निवारण समिति के अध्यक्ष प्रो० रविंद्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ` इसमें कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह के साथ समिति के सदस्य के रूप में छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीएसडब्लू) प्रोफेसर आतिश पराशर, प्रो० पवन कुमार मिश्रा, डॉ० मोहम्मद मुजम्मिल हसन, डॉ० मितांजलि साहू, डॉ० कविता सिंह एवं सहायक कुलसचिव श्री शशि रंजन आदि उपस्थित थे` शिविर के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए छात्र कल्याण अधिष्ठाता (ड-ीएसडब्लू) प्रोफेसर आतिश पराशर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में विद्यार्थियों से विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 30 शिकायत प्राप्त हुए थे ` समिति के सदस्यों ने इस विशेष शिविर में छात्रों की समस्याओं के विभिन्न पहलुओं को सुनने के बाद उनका तवरित समाधान किया` प्रो० पराशर ने कहा कि इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत ये पहल आगे भी जारी रहेगा और हर महीने के अंतिम शुक्रवार को समाधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा और विद्यार्थियों के समस्याओं का समाधान किया जाएगा जिससे छात्रों में विवि प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ेगा और इससे एक अच्छा सन्देश भी जाएगा`

दैनिक भास्कर 26-02-2022

CUSB News

# विद्यार्थियों के ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायतों का हुआ त्वरित समाधान

## सीयूएसबी में समाधान दिवस का आयोजन

सिटी रिपोर्टर | टिकारी



सीयूएसबी में इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए शुक्रवार को विशेष रूप से समाधान दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत विवि के विद्यार्थियों से मिले ऑनलाइन व ऑफलाइन शिकायतों का प्रशासनिक भवन के सभागार में शिविर लगाकर निवारण किया गया। शिविर का आयोजन कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की पहल पर शिकायत निवारण समिति के अध्यक्ष प्रो. रविंद्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में हुआ। शिविर के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए डीएसडब्लू प्रोफेसर आतिश पराशर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में विद्यार्थियों से विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 30 शिकायत प्राप्त हुए थे। समिति के सदस्यों ने इस विशेष शिविर में छात्रों की समस्याओं के विभिन्न पहलुओं को सुनने के बाद उनका तवरित समाधान किया। प्रो. पराशर ने कहा कि इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत ये पहल आगे भी जारी रहेगा और हर महीने के अंतिम शुक्रवार को समाधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह के साथ समिति के सदस्य के रूप में डीएसडब्लू, प्रो. पवन कुमार मिश्रा, डॉ. मुज़म्मिल आदि उपस्थित थे।

दैनिक जागरण
पटना, 26 फरवरी, 2022

CUSB News

# सीयूएसबी में छात्रों के 30 मामलों का निपटारा



सीयूएसबी में शिकायत निवारण शिविर में मंचासीन वीसी व अतिथि। ● जागरण

**संस, टिकारी**: दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विवि के प्रशासनिक भवन में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों से मिले आनलाइन तथा आफलाइन शिकायतों का निवारण किया गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आतिश पराशर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में विद्यार्थियों से विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 30 शिकायत प्राप्त हुई थीं। समिति के सदस्यों ने छात्रों की समस्याओं के विभिन्न पहलुओं को सुनने के बाद उनका त्वरित समाधान किया। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत ये पहल आगे भी जारी रहेगा और हर महीने के अंतिम शुक्रवार को समाधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इससे छात्रों में विवि प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ेगा। अध्यक्ष प्रो. रविंद्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस अवसर पर कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह, प्रो. पवन कुमार मिश्रा, डा. मोहम्मद मुजम्मिल हसन, डा. मितांजलि साहू, डा. कविता सिंह एवं सहायक कुलसचिव शशि रंजन आदि उपस्थित थे।

प्रभात खबर
पटना, शनिवार
26.02.2022
CUSB News

समाधान दिवस | विश्वविद्यालय में छात्रों की शिकायतों का किया गया निवारण

# सीयूएसबी में हर माह के अंतिम शुक्रवार को छात्र-छात्राओं की समस्याओं का होगा निबटारा

**इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत शिकायत निवारण शिविर का हुआ आयोजन**

**वरीय संवाददाता, बोधगया**



शिकायत निवारण शिविर में मौजूद पदाधिकारी.

सीयूएसबी में इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए शुक्रवार को समाधान दिवस दिवस मनाया गया. इसके अंतर्गत विवि के विद्यार्थियों से प्राप्त ऑनलाइन व ऑफलाइन शिकायतों का प्रशासनिक भवन के सभागार में शिविर लगा कर निवारण किया गया. अब हर माह के अंतिम शुक्रवार को यह शिविर लगाया जायेगा. कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की पहल पर शिकायत निवारण समिति के अध्यक्ष प्रो रवींद्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया. इसमें कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह के साथ समिति के सदस्य के रूप में डीएसडब्ल्यू प्रो आतिश पराशर, प्रो पवन कुमार मिश्रा, डॉ मोहम्मद मुजम्मिल हसन, डॉ मितांजलि साहू, डॉ कविता सिंह व सहायक कुलसचिव शशि रंजन उपस्थित थे. डीएसडब्ल्यू ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में विद्यार्थियों से विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 30 शिकायत प्राप्त हुए थे. समिति के सदस्यों ने इस विशेष शिविर में छात्रों की समस्याओं के विभिन्न पहलुओं को सुनने के बाद उनका त्वरित समाधान किया. उन्होंने बताया कि इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत यह पहल आगे भी जारी रहेगा और हर महीने के अंतिम शुक्रवार को समाधान दिवस के रूप में मनाया जायेगा. इसमें विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा. इससे छात्रों में विवि प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ेगा और अच्छा संदेश भी जायेगा.

युवा शक्ति
www.yuvashaktinews.com
कोलकाता | शनिवार | 26 फरवरी, 2022
CUSB News

# गया : सीयूएसबी में मनाया गया समाधान दिवस

**टिकारी/गया** : छात्रों के हितों के लिए हमेशा तत्पर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत छात्रों के शिकायतों के निवारण के लिए शुक्रवार को विशेष रूप से समाधान दिवस मनाया गया.इसके अंतर्गत विवि के विद्यार्थियों से मिले ऑनलाइन तथा ऑफलाइन शिकायतों का प्रशासनिक भवन के सभागार में शिविर लगाकर निवारण किया गया.शिविर को कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की पहल पर शिकायत निवारण समिति के अध्यक्ष प्रो0 रविंद्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया.इसमें कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह के साथ समिति के सदस्य के रूप में छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीएसडब्लू) प्रोफेसर आतिश पराशर, प्रो0 पवन कुमार मिश्रा, डॉ मोहम्मद मुज़म्मिल हसन, डॉ मितांजलि साहू, डॉ कविता सिंह एवं सहायक कुलसचिव शशि रंजन आदि उपस्थित थे. शिविर के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीएसडब्लू) प्रोफेसर आतिश पराशर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में विद्यार्थियों से विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 30 शिकायत प्राप्त हुए थे.समिति के सदस्यों ने इस विशेष शिविर में छात्रों की समस्याओं के विभिन्न पहलुओं को सुनने के बाद उनका तवरित समाधान किया. प्रो0 पराशर ने कहा कि इंस्टीट्यूशनल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत ये पहल आगे भी जारी रहेगा और हर महीने के अंतिम शुक्रवार को समाधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा और विद्यार्थियों के समस्याओं का समाधान किया जाएगा जिससे छात्रों में विवि प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ेगा और इससे एक अच्छा सन्देश भी जाएगा.

